## महत्वपूर्ण एवं खास

### लैब तकनीशियन नशे में धुत्त होकर ग्रामीणों से कर रहा था गाली-गलौच, वीडियो वायरल

**बिलासपुर-रायपुर (आरएनएस)।** जिले के जयरामनगर स्थित लैब तकनीशियन के नशे में धुत्त होकर जमीन पर लेटने का वीडियो जमकर वायरल हो रहा है। नशे में धुत्त यह कर्मी विभाग के अधिकारियों को जमकर गाली-गलौच कर रहा था। जानकारी के अनुसार, लैब टेकनीशियन आशीष कुमार चंद्रा ड्यूटी में शराब पीकर आया था और जमीन में लेटकर हंगामा कर रहा था। वायरल वीडियो में साफ स्पष्ट है कि वह इस कदर नशे में धुत्त है कि उसे कुछ समझ नहीं आ रहा है। वह मरीजों के साथ ही परिजनों और विभागीय अधिकारियों को जमकर गाली-गलौच कर रहा है। यह वीडियो वायरल होते ही बीएमओ ने चार सदस्यीय जांच कमेटी का गठन किया। कमेटी की जांच और रिपोर्ट मिलने के बाद संबंधित लैब तकनीशियन पर तत्काल कार्यवाही होगी। सूत्रों की माने तो आरोपी लैब तकनीशियन यहां आने वाले मरीजों के खेन, यूरीन जांच के नाम पर अवैध रूप से वसूली भी करता है। इसकी शिकायत ग्रामीणों द्वारा कई बार की जा चुकी है।

### हाईवा की चपेट में आकर महिला की मौत

**बिलासपुर-रायपुर (आरएनएस)।** जयरामनगर के आगे मोहरसाय चौक के पास एक तेज रफ्तार हाइवा ट्रक ने बाइक सवारों को बुरी तरह से रौंद दिया। हादसे में एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई। आरोपी ट्रक चालक गाड़ी रोकने के बजाए आगे बढ़ता रहा, इससे शव करीब 50 मीटर तक घसीटता रहा। गुस्साए लोगों ने चक्काजाम कर हाईवा में जमकर तोडफ़ोड़ भी की है। इसके चलते यह मार्ग करीब 7 घंटे तक पूरी तरह से बाधित रहा। पुलिस सूत्रों ने बताया कि मस्तूरी क्षेत्र के ग्राम किसान परसदा निवासी अविनाश पात्रे 18 वर्ष देर शाम अपनी मां संतोषी पात्रे 37 और गांव की ही रहने वाली मुस्कान पात्रे 35 को लेकर मस्तूरी बाजार जाने के लिए निकला था। तीनों बाजार से गांव लौट रहे थे। अभी वे जयरामनगर के आगे मोहरसाय चौक के पास पहुंचे थे कि तभी सामने से आ रहे तेज रफ्तार हाईवा ने बाइक को चपेट में ले लिया। इस हादसे में संतोषी पात्रे हाईवा के पहिए के नीचे आ गई और 50 मीटर तक घसीटती रही, जिससे उसका पैर व धड़ अलग हो गया और शव के चिथड़े उड़ गए। वहीं, उसका बेटा अविनाश व पड़ोसी महिला गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस घटना के बाद वहां आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई। इस बीच मौका पाकर आरोपी चालक भाग निकला। जिसके बाद गुस्साए लोगों ने चक्काजाम कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई। लेकिन, पुलिस लोगों को शांत नहीं करा पाई। इस दौरान महिला की लाश रात 12.30 बजे तक हाईवा के चक्के में ही फंसी रही।

### रिश्वतखोर सब इंजीनियर और सहायक ग्रेड सस्पेंड : रिश्वत लेते ऑडियो -वीडियो हुआ था वायरल, कलेक्टर की कार्यवाई

**अम्बिकापुर (आरएनएस)।** जनपद पंचायत लुण्ड्रा के पदस्थ उप अभियंता रावेन्द्र यादव और सहायक ग्रेड 2 सतीश सिंह को कलेक्टर सरगुजा द्वारा निलंबित कर दिया गया है। रिश्वत लिए जाने के संबंध में सोशल मीडिया पर उप अभियंता की वायरल वीडियो और सहायक ग्रेड 2 के वायरल ऑडियो पर कलेक्टर द्वारा तत्काल संज्ञान लेते हुए जांच प्रतिवेदन में तथ्य प्रमाणित पाए जाने के फलस्वरूप इन्हें तत्काल निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में सहायक ग्रेड 2 सतीश सिंह का मुख्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास के कार्यालय में नियत किया गया है और उप अभियंता रावेन्द्र यादव का मुख्यालय कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग के कार्यालय में नियत किया गया है। इन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता की पात्रता होगी।

# कायाकल्प आयुष-2023 कार्यक्रम अंतर्गत जिले के चार आयुष संस्थाओं को मिला पुरस्कार : कलेक्टर ने आयुर्वेद विभाग को दी बधाई

❐ उप मुख्यमंत्री टी.एस. सिंहदेव के हाथों पुरस्कृत हुई डॉ.मीरा भगत

**रायगढ़।** उप मुख्यमंत्री तथा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री टी.एस.सिंहदेव ने स्वच्छता को बढ़ावा देने, संक्रमण की रोकथाम और अपशिष्ट प्रबंधन में उत्कृष्ट कार्य करने वाले राज्य के 25 आयुष संस्थाओं को कायाकल्प आयुष-2023 का पुरस्कार प्रदान किया। इसी कड़ी में बिलासपुर संभाग से रायगढ़ जिले ने डिस्पेंशरी केटेगरी में सभी 3 एवं आयुष केन्द्र में 1 सहित सर्वाधिक 4 पुरस्कार अपने नाम किये।

उप मुख्यमंत्री सिंहदेव ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में प्रदेश की आयुष संस्थाओं में काफी बदलाव आया है। राज्य और केंद्र सरकार से इसके लिए लगातार सहयोग और राशि मिल रही है। उन्होंने इनका सदुपयोग करते हुए इन पद्धतियों का ज्यादा से ज्यादा लाभ लोगों तक पहुंचाने तथा आयुष संस्थाओं को सुदृढ़ बनाने में करने को कहा। पूरे देश में आज पहली बार आयुष संस्थाओं के मूल्यांकन के बाद उन्हें पुरस्कार दिए जा रहे हैं। जिन संस्थाओं को आज पुरस्कार मिल रहा है वे अन्य संस्थाओं के लिए पथ प्रदर्शक बनने के साथ ही अपना स्तर लगातार आगे लेकर जाएं।

उल्लेखनीय है कि स्वच्छता, संक्रमण नियंत्रण तथा स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता का चार चरणों में मूल्यांकन के बाद उत्कृष्ट पाए गए 25 आयुष संस्थाओं का इन पुरस्कारों के लिए चयन किया गया था। राष्ट्रीय आयुष मिशन के अंतर्गत केन्द्रीय आयुष मंत्रालय के दिशा-निर्देशानुसार आयुष संस्थाओं में स्वच्छता को बढ़ावा देने, संक्रमण की रोकथाम तथा अपशिष्ट प्रबंधन के साथ गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराने के लिए प्रदेश में कायाकल्प-आयुष का क्रियान्वयन किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ ऐसा करने वाला देश का पहला राज्य है।

**कलेक्टर ने दी आयुर्वेद विभाग को बधाई-** कायाकल्प आयुष-2023 अंतर्गत राज्य में रायगढ़ जिले के 4 संस्थानों को स्थान मिलने पर कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने पूरे आयुर्वेद विभाग की टीम को बधाई दी। उन्होंने स्वच्छता, संक्रमण पर नियंत्रण और अपशिष्ट प्रबंधन के लिए किए गए कार्यों के लिए सभी आयुष संस्थाओं की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह कार्यस्थल में अपने काम के प्रति गौरव को बढ़ाता है।

**इन आयुर्वेद अस्पतालों को मिला पुरस्कार-** कायाकल्प-आयुष के अंतर्गत डिस्पेंशरी श्रेणी में शासकीय आयुर्वेद औषधालय बर्रा को प्रथम, शासकीय आयुर्वेद औषधालय भेड़वन को द्वितीय एवं शासकीय आयुर्वेद औषधालय समकेरा को तृतीय स्थान मिला। इसी तरह आयुष सेंटर श्रेणी में आयुष केन्द्र प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कनकबीरा ने प्रथम पुरस्कार पाया। कार्यक्रम के दौरान उप मुख्यमंत्री तथा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री टी.एस.सिंहदेव ने रायगढ़ जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ.मीरा भगत को प्रशस्ति पत्र सहित पुरस्कार के रूप में प्रोत्साहन राशि का चेक सौंपा।

## जल जीवन मिशन के शत-प्रतिशत पूर्ण हो चुके कार्यों को पंचायतों को हैण्डओवर करने की बनाएं कार्ययोजना -कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा

❐ जल जीवन मिशन के कार्यों में लाएं तेजी, गुणवत्ता का रखें विशेष ध्यान

❐ कलेक्टर सिन्हा ने जल जीवन मिशन कार्यों के अद्यतन प्रगति की ली समीक्षा

**रायगढ़।** कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने आज यहां कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जल जीवन मिशन अंतर्गत लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में कलेक्टर सिन्हा ने कहा कि जल जीवन मिशन का लक्ष्य वर्ष 2024 तक प्रत्येक ग्रामीण परिवार को कार्यशील घरेलू नल कनेक्शन उपलब्ध कराना है। उन्होंने घरेलू नल कनेक्शन प्रदाय के कार्यों में तेजी लाने के साथ ही कार्य की गुणवत्ता में विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने निविदा कार्य में जानकारी लेते हुए टेंडर कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। साथ ही जिन गांवों में शत-प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुके है वहां पंचायतों को हैण्डओवर करने की कार्ययोजना बनायी जाए। इस दौरान सारंगढ़-बिलाईगढ़ कलेक्टर डॉ.फरिहा आलम सिद्दीकी भी वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़ी रही।

ईई पीएचई परीक्षित चौधरी ने बताया कि जल जीवन मिशन अंतर्गत जिला रायगढ़ एवं जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ के सारंगढ़ एवं बरमकेला के 1849 योजनाओं पर 3 लाख 11 हजार 122 एफएचटीसी की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है। जिसमें 3 लाख 6 हजार 263 पर कार्यादेश जारी किया जा चुका है। जल जीवन मिशन अंतर्गत 28 अगस्त 2023 की स्थिति में घरेलू नल कनेक्शन की संख्या जिला रायगढ़ में 01 लाख 29 हजार 973 तथा सारंगढ़-बिलाईगढ़ के विकासखण्ड सारंगढ़ एवं बरमकेला के 44 हजार 371 है। इसी प्रकार 386 ग्रामों के लिए 6 समूह जल प्रदाय योजना प्रस्तावित की गई है। जिसमें रायगढ़ के 4 एवं सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले के 2 योजना शामिल है। इस दौरान उन्होंने सोलर पम्प हेतु जारी राशि में किए गए कार्य की जानकारी देते हुए बताया कि 427 योजनाओं में 662 सोलर पम्प की संख्या है तथा क्रेडा द्वारा 327 कार्य पूर्ण कर लिए गए है एवं 177 प्रगतिरत है। उन्होंने प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त योजनाओं की पुनरीक्षित प्रशासकीय स्वीकृति पर चर्चा एवं अनुमोदन के संबंध में भी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 53 सोलर पंप योजना, 118 सिंगल विलेज योजना तथा 5 रेट्रोफिटिंग नलजल प्रदाय योजना इस तरह कुल 155 प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त योजनाओं की जिला जल एवं स्वच्छता मिशन के द्वारा पुनरीक्षित प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान किए जाने हेतु चर्चा एवं अनुमोदन किया जाना प्रस्तावित है। उचित दर पर प्राप्त निविदाओं की स्वीकृति एवं कार्यादेश की अनुमति के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि जल जीवन मिशन अंतर्गत रायगढ़ जिले के विकासखण्ड रायगढ़, पुसौर, खरसिया, घरघोड़ा, तमनार, लैलूंगा एवं धरमजयगढ़ के 40 क्वालिफाई निविदाओं के दर खोले गये है।

## कलेक्टोरेट सारंगढ़ में हुई सड़क सुरक्षा की बैठक

**सारंगढ़-बिलाईगढ़।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी की अध्यक्षता एवं एसपी आशुतोष सिंह की उपस्थिति में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में सड़क सुरक्षा की बैठक संपन्न हुई।

बैठक में पुलिस अधीक्षक आशुतोष सिंह ने कहा कि हम सभी मोटर साइकल और कार का उपयोग करते हैं। मोटर साइकल के दौरान हेलमेट और कार में सीट बेल्ट पहनकर यात्रा करें। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी को कहा कि बाइक से स्कूल आने वाले बच्चों को निर्देश दें कि सभी स्कूली बच्चे बाइक ड्राइविंग के साथ हेलमेट का धारण करें। सभी अभिभावक अपने बच्चों को मोटर साइकल के साथ हेलमेट पहने के लिए जरूर बोलें और पहनाएं। दुर्घटना किसी के साथ घट सकती है। इस दौरान हेलमेट और सीट बेल्ट ही हमारे शरीर को बचाता है। साथ ही साथ सभी अधिकारी अपने संपर्क में आने वाले सभी भारी वाहन बस, ट्रक, ट्रैक्टर के पीछे के लाइट या रिफ्लेक्टर चालू हालत में रखने के लिए बोलें और करवाएं ताकि गाड़ी खड़ी होने की स्थिति में कोई अनजान वाहन चालक उस वाहन से टकराकर घायल आदि नही हो। इस अवसर पर अपर कलेक्टर निष्ठा पांडेय तिवारी, एसडीएम मोनिका वर्मा, डॉ. स्निग्धा तिवारी, सीएमएचओ डॉ. एफ.आर. निराला, जिला शिक्षा अधिकारी डेजी रानी जांगड़े, नेशनल हाईवे, स्टेट हाईवे और लोक निर्माण विभाग के अधिकारी सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## नशा के दुष्प्रभाव से बचाने के लिए हुई जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक

**सारंगढ़-बिलाईगढ़।** भारत सरकार नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के परिपालन में स्वापक औषधि मनः प्रभावी पदार्थों के अनाधिकृत व्यवसायियों पर व्यापक और प्रभावी नियंत्रण हेतु कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी की अध्यक्षता एवं एसपी आशुतोष सिंह की उपस्थिति में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में पुलिस अधीक्षक आशुतोष सिंह ने कहा कि जिले में देशी-विदेशी शराब, महुआ शराब, गांजा, सिरप के साथ-साथ नई-नई प्रकार से नशा की जा रही है। अपने घर-परिवार के सदस्यों को इस आदत को छुड़ाने और अधिक मात्रा के सेवन से बचाने का कार्य करना है। महुआ शराब के निर्माण में यूरिया से बनी शराब के सेवन से विगत महीनों में जांजगीर चांपा जिले में शराबियों की मौत हो गई थी। इसलिए अपने अधीनस्थ एवं संपर्क में रहने वाले बच्चे, युवा, महिला-पुरूष आदि को ध्यान देने की जरूरत है। यूरिया एक रासायनिक खाद में प्रयोग किया जाने वाला मुख्य पदार्थ है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग की ओर से प्रति सप्ताह स्कूल-कॉलेज में नशा के दुष्प्रभाव के बारे में बच्चों और युवाओं को जानकारी दी जाए।

## कलेक्टर डॉ. सिद्दीकी और एसपी आशुतोष सिंह ने ली अधिकारियों की बैठक

**सारंगढ़-बिलाईगढ़।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय अधिकारियों की साप्ताहिक समय सीमा की बैठक ली।

बैठक में कलेक्टर डॉ. सिद्दीकी ने सभी विभागों के शिलान्यास एवं उद्घाटन के लिए निर्मित हो चुके भवनों, कार्यालयों की जानकारी ली। साथ ही साथ मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना, समग्र शिक्षा और ग्रामीण यांत्रिकी सेवा (आरईएस) द्वारा स्कूलों में की जा रही जीर्णोद्धार कार्य और प्रगति की जानकारी ली। कलेक्टर ने जिले के गांवों और शहरों से गुजरने वाले सड़कों में बैठने वाले पशुओं के लिए नगरीय निकायों और जनपद पंचायतों के अधिकारियों से की जा रही व्यवस्था जैसे-गाय को गौठान या किसी स्थान पर रखरखाव, चारा-पानी की व्यवस्था, सड़क में बैठने वाले गाय को हटाने के लिए चरवाहा या किसी व्यक्ति की ड्यूटी, गाय के मालिकों का समझाना कि गाय को घर में बांधकर रखे। पशुपालकों द्वारा घर में नहीं बांधकर रखने की स्थिति में जुर्माना करने आदि के बारे में जानकारी ली और सड़क में बैठने वाले गाय को हटाने की व्यवस्था के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। बैठक में पीएम किसान सम्मान निधि, मनरेगा, निर्वाचन के समस्त कार्यों, गिरदावरी के बारे में कार्यों की प्रगति की जानकारी ली और शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए।

बैठक में पुलिस अधीक्षक आशुतोष सिंह ने आबकारी सहित अन्य विभाग जिनको पैसे एक स्थान से दूसरे स्थान ले जाना है, वो नियम के अनुसार चालान आदि, जिला प्रशासन-पुलिस प्रशासन को विधिवत सूचना देकर स्थानांतरित करें। सभी अधिकारी कर्मचारी अपने वाहनों का चेकिंग के दौरान सहयोग करें। राज्य सरकार के किसी भी भवन, कार्यालय, गोदाम में संबंधित विभाग के सामग्री के अलावा किसी भी प्रकार की अनावश्यक, अवांछित सामग्री का भंडारण नहीं किया जाना चाहिए। चेकिंग के दौरान ऐसे वस्तु पाये जाने पर नियमानुसार सख्त कार्यवाही की जाएगी। सभी अधिकारी कर्मचारी ध्यान दें कि जिले में या जिले के किसी स्थान के नाम से हो रही घटनाओं के संबंध में स्पष्ट अपडेट सोशल मीडिया में दे अफवाह या भ्रम की स्थिति को दूर करें और पुलिस-तहसीलदार, एसडीएम आदि अधिकारियों को इसकी सूचना दें।

## छत्तीसगढ़ में मानसून लेने वाला है लंबा ब्रेक, बदला-बदला दिखेगा मौसम, झमाझम बारिश के भी आसार नहीं



**रायपुर (आरएनएस)।** मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि मानसून अब लंबा ब्रेक ले सकता है, इस वजह अभी अगले एक सप्ताह तक झमाझम वर्षा की कोई संभावना नहीं है। छत्तीसगढ़ में मानसून पर ब्रेक लग गया है जिसके कारण तापमान में तेजी से वृद्धि हो रही है। मौसम विभाग का कहना है कि अगस्त के बाद सितंबर में मौसम कैसा रहेगा और बारिश कितनी होगी इस पूर्वानुमान पर फिलहाल कुछ नहीं कहा जा सकता है। इसकी वजह है कि मौसम पल-पल बदल रहा है और अल नीनो का प्रभाव कितना रहेगा, ये कहना मुश्किल है। मौसम विज्ञानियों का यह भी कहना है कि उत्तर भारत में गर्मी का चरम अब बीत चुका है और अब उतनी गर्मी नहीं पड़ेगी।

मौसम विभग के मुताबिक आने वाले दिनों में ना तो लू चलने की संभावना है, न ही तापमान ज्यादा बढ़ने की उम्मीद है। इसके विपरीत पश्चिमी हवाओं के असर से मौसम के मिजाज में बदलाव महसूस किया जा सकेगा। मौसम विभाग ने कहा है कि सितंबर के उत्तरार्ध से तापमान भी धीरे-धीरे नीचे आने लगेगा।

छत्तीसगढ़ में मानसून पर ब्रेक लग गया है जिसके कारण तापमान में तेजी से वृद्धि हो रही है। बिहार में भी पिछले तीन दिनों से कई जिलों में बारिश हुई। अब अगले 4 से 5 दिन राज्य में बारिश होने के कोई आसार नहीं है।लोगों को गर्मी परेशान कर सकती है।

मौसम विज्ञानी अगस्त के अंतिम दिनों में मानसून पर ब्रेक लगने की इस स्थिति को असामान्य करार ही दे रहे हैं। उनका कहना है कि यह स्थिति अमूमन सितंबर में बनती है, लेकिन इस बार अगस्त में ही बन गई है। विज्ञानियों के मुताबिक मानसून में अगस्त में ब्रेक लगने के पीछे मुख्य रूप से दो कारण हैं। पहला अल नीनो वर्ष होना और दूसरा मानसून का लंबा ब्रेक।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईजर श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कुश सी.बी.वर्मा, श्रीमती एकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी ठाकुरे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

# मिनी राईस मिल खुलने से महिलाएं बन रही हैं आत्मनिर्भर

**रायपुर (आरएनएस)।** गांव की महिलाएं भी अब आत्मनिर्भर बनकर परिवार को आर्थिक सहायता करने के लिए आगे आ रही है। जिले के बस्तर ब्लॉक अंतर्गत तारागांव निवासी सोमारी मौर्य ने अपने गांव में ही मिनी राईस मिल खोलकर बहुत खुश हैं। गांव वाले भी अब मिनी राईस मिल में अपना धान कुटवाने आ रहे हैं। सोमारी मौर्य ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि ग्रामीण आजीविका मिशन की सहायता से गांव में ही मिनी राईस मिल खोलकर अब आर्थिक रूप से सक्षम बनकर अपने परिवार की तकदीर बदल चुकी हैं।

सोमारी मौर्य ने बताया कि समूह से होने वाले लाभ के बारे में जानने-समझने का अवसर मिला और छोटी-छोटी ऋण लेकर समय पर चुका देना और अपनी आर्थिक गतिविधि को बढ़ाने में ध्यान दी, जिससे वह परिवार की छोटी-छोटी जरूरतों को पूरा करने के लिए मदद देने लगी। बैंक लिंकेज की सहायता से गांव में ही मिनी राईस मिल स्थापित कर ग्रामीणों को धान मिलिंग की सुविधा उपलब्ध करवा रही हैं।

सोमारी ने बताया कि स्व सहायता समूहों के क्लस्टर बैठक के दौरान अपनी सोच को साझा कर इस बारे में सलाह भी ली। समीपवर्ती गांवों के ग्रामीणों की जरूरतों के अनुसार स्थानीय स्तर पर मिनी राईस मिल स्थापित करने का मार्गदर्शन मिला। सोमारी ने इस बारे में घर के सदस्यों को भी अवगत कराया तो वे भी इस संबंध में सहमत हो गये। सोमारी ने इस दिशा में समूह के बैंक लिंकेज का 50 हजार रुपये ऋण लेकर व्यवसाय सम्बन्धी 3 दिवसीय प्रशिक्षण भी प्राप्त की। इसके पश्चात उन्होंने अपने घर पर ही मिनी राईस मिल स्थापित कर किसानों और ग्रामीणों के धान का मिलिंग शुरू कर की। इससे ग्रामीणों को भी स्थानीय स्तर पर धान मिलिंग की सुविधा मिली। सोमारी अपनी इस मिनी राईस मिल का समुचित संचालन कर हर महीने 8 से 10 हजार रुपये आमदनी अर्जित कर रही हैं और अपने बच्चों की पढ़ाई के साथ पालन-पोषण पर ध्यान दे रही हैं।